ACT
MAGISTRATES
COURT

एक सुरक्षा आदेश के लिए लगाए गए आवेदन का उत्तर देना

HINDI

आपको पारिवारिक हिंसा आदेश, (Family Violence Order, FVO), निजी सुरक्षा आदेश (Personal Protection Order, PPO) या निजी सुरक्षा (कार्य-स्थल) आदेश (Personal Protection (workplace) Order, WPO) के लिए लगाए गए आवेदन-पत्र की एक प्रति "भेज दी गई" (यानि दे दी गई) है।

किसी के द्वारा आपके विरुद्ध आदेश माँगा जा रहा है क्योंकि वो अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत है।

आपको जो आवेदन-पत्र मिला है उसमें आवेदक (वह व्यक्ति जिसने आदेश के लिए आवेदन-पत्र लगाया है) द्वारा किए गए दावों का और उन शर्तों का उल्लेख है जो वह आवेदक आपके ऊपर लगवाना चाहता/ती है।

एक आदेश आपके ऊपर कुछ शर्तें लगाता है, जैसे कि आप आवेदक से दूर रहें या उनसे संपर्क नहीं करें।

आपको, आदेश के लिए लगाए गए आवेदन-पत्र का विरोध करने का अवसर मिलेगा।

यदि आपको अंतरिम आदेश की एक प्रति भी दी गई है

न्यायालय द्वारा तब तक के लिए एक अंतरिम आदेश (interim order) जारी किया जा सकता है जब तक कि अंतिम आदेशों के लिए लगाए गए आवेदन पर निर्णय नहीं हो जाता। अब वह अंतरिम आदेश प्रभावी हो गया है और यह तब तक लागू रहेगा जब तक या तो अंतिम आदेश (final order) नहीं दे दिया जाता या अंतरिम आदेश को रद्द नहीं कर दिया जाता। इसमें आपके ऊपर कुछ शर्तें लगाई गई हैं जिनका पालन करना आपके लिए आवश्यक है। यदि आप इस आदेश का पालन नहीं करेंगे/गी तो जुर्माना लगाया जा सकता है।

अंतरिम आदेश की शर्तों और इसके लागू रहने की अवधि के बारे में इस आदेश में बताया गया है। इसमें आदेश के उल्लघंन पर लगने वाले जुर्मानों का भी उल्लेख है। यदि यह आदेश आपको समझ में नहीं आ रहा है तो आपको कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

इसके बाद क्या होगा?

अंतरिम आदेश नहीं दिया गया:

मामला एक निश्चित तारीख़ और समय पर कॉन्फ्रेंस (conference) के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। यदि आप अंतिम आदेश के लिए लगाए गए आवेदन का विरोध करना चाहते/ती हैं, तो आपको उस तारीख़ को न्यायालय में हाज़िर होना होगा। हाज़िर नहीं होने पर यह हो सकता है कि आपकी अनुपस्थिति में आदेश दे दिए जाएं।

अंतरिम आदेश दिया गया:

आपको एक अंतरिम आदेश और आवेदनपत्र के साथ-साथ आपको अंतरिम आदेश की एक "पुष्टि-प्रति" ("endorsement copy") और एक नोटिस भी मिलेगा जिसमें वो तारीख़ और समय होगा जब उस मामले में न्यायालय में कॉन्फ्रेंस होगी।

यदि आप आंतरिम आदेश को अंतिम आदेश बनाए जाने पर सहमत हैं, तो पुष्टि-प्रति (endorsement copy) को भरकर वापस न्यायालय में भेद दें। आप इसे डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में जाकर कर सकते/ती हैं। यदि आप ऐसा करेंगे/गी, तो वह अंतरिम आदेश आवेदन में निर्दिष्ट की गई अवधि के लिए, उस दिन से अंतिम आदेश बन जाएगा जिस दिन वह न्यायालय को मिलेगा। यदि न्यायालय को पुष्टि-प्रति (endorsement copy) कॉन्फ्रेंस की तारीख़ से पहले मिल जाती है, तो आपको न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं है।

यदि आप पुष्टि-प्रति (endorsement copy) वापस नहीं भेजते/ती हैं, तो आपको कॉन्फ्रेंस मे हिस्सा लेने के लिए न्यायालय में जाना होगा। आपको नियत दिवस और समय पर उस कॉन्फ्रेंस (conference) में हाज़िर होना होगा अन्यथा हो सकता है कि आपकी अनुपस्थिति में अंतरिम आदेश को अंतिम आदेश बना दिया जाए।

मेरी आयु 18 वर्ष से कम है

यदि आपकी आयु 14 वर्ष से कम है, तो आपका एक मुकदमा अभिभावक (litigation guardian) होना आवश्यक है जिसे आप अपने साथ न्यायालय में ले जा सकें। यदि आपकी आयु 14 वर्ष से अधिक परंतु 18 वर्ष से कम है तो भी हो सकता है कि आपको एक मुकदमा अभिभावक (litigation guardian) अपने साथ न्यायालय में ले जाने की ज़रूरत हो।

एक मुकदमा अभिभावक 18 वर्ष से अधिक की आयु का वो व्यक्ति होता है जो न्यायालय में आपकी सहायता कर सकता/ती है (उदाहरण के लिए, आपके माता-पिता या एक ऐसा ज़िम्मेदार व्यस्क जिस पर आपको भरोसा हो)। यदि आपके माता-पिता या अभिभावक या ऐसा कोई अन्य उपयुक्त व्यक्ति नहीं है जो न्यायालय मे आपकी सहायता कर सकता/ती हो, तो आपको Public Advocate (सार्वजनिक अधिवक्ता) को **02 6207 0707** पर फोन करना चाहिए।

कॉन्फ्रेंस वाले दिन क्या होगा?

आपको अग्रिम (फ्रंट) काउंटर पर जाकर उन्हें बताना होगा कि आप आ गए/ई हैं। कॉन्फ्रेंस का संचालन करने वाले/ली उप-रजिस्ट्रार द्वारा आपका नाम पुकारा जाएगा।

कॉन्फ्रेंस के दौरान आपको और प्रतिवादी को अलग-अलग कमरों में रखा जाएगा। आप अपनी सहायता के लिए वहाँ किसी को अपने साथ रख सकते हैं।

उप रजिस्ट्रार यह देखेंगे/गी कि क्या आप और आवेदक किसी परिणाम पर सहमत हो सकते हैं।

Legal Aid ACT (कानूनी सहायता एसीटी) के कर्मचारी न्यायालय में होते हैं जो आपको कानूनी सलाह के बारे में सहायता दे सकते हैं। घरेलू हिंसा संकटावस्था सेवा (Domestic Violence Crisis Service – DVCS) के कर्मचारी न्यायालय में होते हैं जो शायद आपकी सहायता कर सकें। यदि आपको कानूनी सलाह या सहायता चाहिए, तो कृपया काउंटर पर उपस्थित व्यक्ति या उप रजिस्ट्रार से कहें।

कॉन्फ्रेंस के संभावित परिणाम

- आप तथा आवेदक अंतिम आदेशों (Final Orders) पर सहमत हो जाएं। आदेशों को पुलिस द्वारा लागू करवाया जाएगा।

- आप तथा आवेदक अंडरटेकिंग्स (Undertakings) पर सहमत हो जाएँ। अंडरटेकिंग्स न्यायालय से किया गया एक औपचारिक वायदा होता है। यदि किसी वायदे को तोड़ा जाता है, तो पुलिस उसे पूरा नहीं करवा सकती है।
- यदि आप दोनों में सहमति नहीं बनती है तो न्यायालय द्वारा आपके मामले को एक मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया जाएगा।
- यदि आप न्यायालय में हाज़िर नहीं होते/ती हैं तो हो सकता है कि आपकी अनुपस्थिति में आदेश दे दिए जाएं।
- यदि आवेदक न्यायालय में हाज़िर नहीं होता/ती है, तो हो सकता है कि आवेदन खारिज कर दिया जाए या आपको किसी और दिन न्यायालय में आने के लिए कहा जाए।

न्यायालय में सुनवाई के दौरान क्या होता है?

आपको सबूत पेश करने होंगे ताकि मजिस्ट्रेट द्वारा अंतिम आदेश देने की आवश्यकता के बारे में निर्णय लिया जा सके। हो सकता है कि आप अन्य लोगों से न्यायालय में यह कहलवाना चाहें कि आपके साथ क्या हुआ है। उन लोगों को गवाह कहा जाता है। यदि आपके पास कोई गवाह है, तो आपको उनसे कहना चाहिए कि वे सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख और समय पर न्यायालय में आएँ। यदि आपके पास ऐसे अभिलेख (रेकार्ड्स) हैं जो आपके मामले में प्रासंगिक हैं, जैसे कि फोटो या मैसेजेस,तो आपको उन्हें न्यायालय को दिखाने के लिए अपने साथ लाना चाहिए।

आवेदक भी अपने लिए ऐसा करवा सकता/ती है। यदि आपको इस प्रक्रिया के बारे में कोई असमंजस है तो कृपया कानूनी सलाह लें।

यदि मामला न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो जाए तो अंतरिम आदेश का क्या होता है?

अंतरिम आदेश तब तक लागू रहेगा जब तक न्यायालय द्वारा उसे रोकने का आदेश नहीं दे दिया जाता। यदि आप अंतरिम आदेश के आगे लागू रहने से सहमत नहीं हैं, तो एक मजिस्ट्रेट द्वारा अंतरिम आदेश के आगे लागू रहने के बारे में निर्णय लेने के लिए कॉन्फ्रेंस वाले दिन मामले की सुनवाई की जाएगी।

एक आदेश कितने समय तक प्रभावी रहता है?

निजी सुरक्षा आदेश (PPO) अधिकतम 12 महीनों तक और पारिवारिक हिंसा आदेश (FVO) अधिकतम 24 महीनों तक प्रभावी रह सकता है। आवेदक द्वारा अपने अंतिम आदेश को आगे बढ़वाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। आप आगे बढ़वाने के लिए लगाए गए आवेदन का विरोध कर सकते/ती हैं।

क्या आदेश को बदलवाया जा सकता है?

यदि आपके विरूद्ध एक आदेश दिया जाता है, तो आप उस आदेश को बदलवाने के लिए न्यायालय में आवेदन कर सकते/ती हैं। आवेदक भी ऐसा कर सकता/ती है।

क्या मेरा आपराधिक रिकॉर्ड बन जाएगा?

एक सुरक्षा आदेश से आपका आपराधिक रिकॉर्ड नहीं बनेगा यदि आपको उसका उल्लंघन करने का दोषी नहीं ठहराया जाता है तो।

क्या आदेश दूसरे राज्यों में भी प्रभावी होता है?

पारिवारिक हिंसा के मामलों में दिए गए आदेश ऑस्ट्रेलिया और न्यू-ज़ीलैण्ड में सभी जगहों पर प्रभावी होते हैं। एक निजी सुरक्षा आदेश अन्य राज्यों में रजिस्टर किया जा सकता है ताकि उसे उन राज्यों और टेरीटोरीज़ में लागू किया जा सके।

किसी अन्य राज्य में एक आदेश का उल्लंघन करना, एसीटी में और उस राज्य या टेरीटोरी में जहाँ उल्लंघन हुआ हो, दोनों ही जगहों पर एक अपराध माना जा सकता है।

महत्वपूर्ण टेलिफोन नंबर

आपात-स्थिति
000

Protection Unit ACT Magistrates Court (सुरक्षा ईकाई एसीटी मजिस्ट्रेट्स न्यायालय)
02 6205 4939

ACT Policing (एसीटी पुलिसिंग)
131 444

Victim Support ACT (पीड़ित सहायता एसीटी)
1800 822 272

Legal Aid ACT (कानूनी सहायता एसीटी)
02 6207 1874 अथवा **1300 654 314**

Domestic Violence Crisis Service – DVCS (घरेलू हिंसा संकटावस्था सेवा)
02 6280 0900

सुलभता

- यदि आपको अनुवाद और दुभाषिया सेवा की आवश्यकता है, तो TIS को पर फोन करें **13 14 50 www.tisnational.gov.au** या पर जाएँ।
- यदि आप बधिर (डैफ) हैं, या आपमें बोलने या सुनने की असमर्थता है, और आपको टेलीटाइपराइटर सेवा की आवश्यकता है, तो **13 36 77** पर फोन करें और **02 6205 0000** से जोड़े जाने के लिए कहें।
- Speak and Listen उपयोग करने वाले, **1300 555 727** पर फोन करें और **02 6205 0000** से जोड़े जाने के लिए कहें।
- यदि आपको यह दस्तावेज़ बड़े अक्षरों में छपा हुआ चाहिए, तो हमारे न्यायालय सहायता अधिकारी को **02 6205 0322** पर फोन करें।

इस दस्तावेज़ को, इसे कानूनी सलाह का विकल्प बनाने के उद्देश्य से नहीं बनाया गया है। यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं है कि आप अपने मामले को कैसे आगे बढ़ाएँगे/गी या उसका संचालन कैसे करेंगे/गी, तो कृपया कानूनी सलाह लें।